केंद्रीय क्षेत्र योजना
Central Sector Scheme

सिल्क समग्र SILK SAMAGRA-2

मानक संचालन प्रक्रिया और दिशा निर्देश
Standard Operating Procedure and Guidelines for Implementation

केंद्रीय रेशम बोर्ड
Central Silk Board
(वस्त्र मंत्रालय - भारत सरकार)
(Ministry of Textiles – Govt. of India)
बीटीएम लेआऊट, मडिवाला, बेंगलूरू - 560 068
BTM Layout, Madivala, Bengaluru - 560 068

अप्रैल 2022, 1000 प्रतियां

द्वारा प्रकाशित

सदस्य सचिव
केंद्रीय रेशम बोर्ड
(वस्त्र मंत्रालय, भारत सरकार)
केंरे बो काम्प्लेक्स, बीटीएम लेआऊट,
मडिवाला
बेंगलूरू - 560 068

द्वारा मुद्रित

सर्वश्री वेंकटाद्री प्रिंटर्स
प्रिंटिंग साल्यूशन्स
सं 187, अक्कीपेट मेन रोड,
बेंगलूरू - 560 053
ई-मेल: murthy64@me.com
दूरभाष: 080-26704667

April 2022, 1000 Copies

Published by

Member Secretary
Central Silk Board
(Ministry of Textiles, Govt. of India)
CSB Complex, BTM Layout, Madivala
Bengaluru - 560 068

Printed at

M/s. Venkatadri Printers
Printing Solutions
No.187, Akkipet Main Road,
Bengaluru - 560 053
Email: murthy64@me.com
Phone: 080-26704667

विषय-सूची

#	विषय	पृष्ठ
I	**पृष्ठभूमि**	
i	केंद्रीय रेशम बोर्ड की मुख्य गतिविधियां - उप-घटक	1
ii	लाभार्थी-उन्मुख महत्वपूर्ण क्षेत्र स्तरीय मध्यस्थता - उप-घटक	1
II	**केन्द्रीय रेशम बोर्ड की प्रमुख गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश**	
क	**मूल गतिविधियां**	2
ख	**प्रमुख गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए सामान्य दिशा-निर्देश - कार्यक्रम तैयार करना और मंजूरी**	
i	अनुसंधान एवं विकास, प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और आई.टी. पहल	4
ii	बीज संगठन	5
iii	समन्वय और बाजार विकास	6
iv	गुणवत्ता प्रमाणन प्रणाली (क्यूसीएस)/निर्यात, ब्रांड प्रचार और प्रौद्योगिकी उन्नयन	6
ग	**मुख्य गतिविधियों के कार्यान्वयन और निगरानी के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश**	7
घ	**निधि का विमोचन और उपयोग**	8
III	**लाभार्थी उन्मुख घटकों के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश**	
क	**सहायता के लिए उपलब्ध घटक**	9
ख	**कार्यान्वयन अभिकरण**	10
ग	**निधि सहायता का दायरा और बजटीय आवंटन**	10
I	राज्यों के रेशम उत्पादन विभागों/समान विभागों को सहायता	10
ii	उत्तर पूर्वी राज्यों को परियोजना आधारित सहायता	11
iii	पूर्ववर्ती एनईआरटीपीएस के तहत चल रही रेशम उत्पादन परियोजना के लिए वित्त पोषण	12
iv	निधि का आवंटन	12
घ	**राज्यों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करना**	12
ङ	**परियोजना मूल्यांकन/अनुमोदन के लिए तंत्र**	16
च	**निधि का विमोचन**	16
छ	**उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना**	17
ज	**राज्य द्वारा लाभार्थी-उन्मुख महत्वपूर्ण मध्यस्थता के कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश**	17
झ	**लाभार्थी-उन्मुख सिल्क समग्र-2 पैकेजों/घटकों के लिए निधिकरण पैटर्न**	18
ञ	**अनुश्रवण एवं मूल्यांकन**	**19**
ट	**सिल्क समग्र-2 हेल्पलाइन**	21

केंद्रीय क्षेत्र योजना "सिल्क समग्र-2" - 2021-22 से 2025-26 (15वें वित्त आयोग चक्र) तक 5 वर्षों के दौरान रेशम उद्योग के विकास के लिए एकीकृत योजना (आईएसडीएसआई) के कार्यान्वयन के लिए मानक संचालन प्रक्रिया और दिशा-निर्देश

I. पृष्ठभूमि

केंद्रीय रेशम बोर्ड एक सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना संसद के एक अधिनियम (1948 के अधिनियम संख्या LXI) द्वारा की गई थी। केंद्रीय रेशम बोर्ड की मुख्य गतिविधियां हैं, अनुसंधान और विकास; चार स्तरीय रेशमकीट बीज उत्पादन नेटवर्क का रखरखाव; वाणिज्यिक रेशमकीट बीज उत्पादन में नेतृत्व की भूमिका; विभिन्न उत्पादन प्रक्रियाओं में गुणवत्ता मानकों को मानकीकृत और स्थापित करना और रेशम उत्पादन और रेशम उद्योग से संबंधित सभी मामलों पर सरकार को सलाह देना। इन गतिविधियों को केंद्रीय क्षेत्र की योजना नामत: **"सिल्क समग्र -2"**, के माध्यम से देश भर में फैली इकाइयों के नेटवर्क द्वारा किया जाता है, जो रेशम उद्योग के विकास के लिए एक एकीकृत योजना है, जिसे आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति द्वारा दिनांक 19.01.2022 को अनुमोदित किया गया है। रेशम समग्र-2 योजना में शहतूत, वन्य और कोसोत्तर क्षेत्रों के अधीन विभिन्न घटक और उप-घटक शामिल हैं। यह कार्यक्रम विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर पैदा करने के अलावा, कच्चे रेशम की गुणवत्ता, उत्पादकता और उत्पादन में सुधार के लिए राज्य सरकारों और अन्य कार्यान्वयन एजेंसियों के प्रयासों में तालमेल बैठाता है।

रेशम समग्र-2 योजना में दो प्रमुख गतिविधियां शामिल हैं:

i) केंद्रीय रेशम बोर्ड की मुख्य गतिविधियां - उप-घटक

क. अनुसंधान एवं विकास, प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सूचना प्रौद्योगिकी पहल

ख. बीज संगठन

ग. समन्वय और बाजार विकास

घ. गुणवत्ता प्रमाणन प्रणाली, निर्यात, ब्रांड प्रचार और प्रौद्योगिकी उन्नयन

ii) लाभार्थी-उन्मुख महत्वपूर्णक्षेत्र स्तरीय मध्यस्थता - उप-घटक

क. उत्तर पूर्वी क्षेत्र के अलावा अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्र स्तरीय मध्यस्थता

ख. पूर्वोत्तर क्षेत्र में रेशम उत्पादन परियोजनाओं का कार्यान्वयन

ग. एनईआरटीपीएस की चल रही रेशम उत्पादन परियोजनाओं के व्यय को पूरा करने के प्रावधान

जबकि चार उप-घटकों के साथ केंद्रीय रेशम बोर्ड की मुख्य गतिविधियों यथा, अनुसंधान एवं विकास, बीज उत्पादन, परियोजना कार्यान्वयन और अनुश्रवण और भारतीय और बाहरी बाजारों में रेशम के ब्रांड प्रचार को केन्द्रीय रेशम बोर्ड की इकाइयों के नेटवर्क के माध्यम से कार्यान्वित किया जाता है, लाभार्थी-उन्मुख घटक रेशम समग्र-2 योजना के अधीन केंद्रीय रेशम बोर्ड से निधि सहायता के साथ राज्य रेशम उत्पादन विभागों/अन्य राज्य विभागों द्वारा कार्यान्वित किये जाएंगे।

II. केंद्रीय रेशम बोर्ड की प्रमुख गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए दिशा-निर्देश

क. प्रमुख गतिविधियां

I. अनुसंधान एवं विकास, प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सूचना प्रौद्योगिकी पहल

अनुसंधान गतिविधियों एवं शहतूत रेशम उत्पादन के लिए तीन मुख्य अनुसंधान और प्रशिक्षण संस्थान (सीएसआरटीआई) मैसूर (कर्नाटक), बरहमपुर (पश्चिम बंगाल) और पंपोर (जम्मू-कश्मीर) में स्थापित किए गए हैं; रांची (झारखंड) में तसर के लिए एक संस्थान (सीटीआरटीआई), और मूगा एवं एरी के लिए लाहदोईगढ़ (असम) में सीएमईआरटीआई, और कोसोत्तर मुद्दों को संबोधित करने के लिए एक विशेष प्रौद्योगिक अनुसंधान संस्थान (सीएसटीआरआई) बेंगलूरु (कर्नाटक) में स्थापित किया गया है।

बीज, शहतूत एवं रेशमकीट आनुवंशिक सामग्री के संरक्षण/रखरखाव पर ध्यान केंद्रित करने के लिए क्रमशः बेंगलुरू में एक रेशमकीट बीज प्रौद्योगिकी प्रयोगशाला (एसएसटीएल) और होसूर (तमिलनाडु) में एक केंद्रीय रेशम उत्पादन जननद्रव्य संसाधन केंद्र (सीएसजीआरसी) स्थापित किया गया है। इसके अलावा, बेंगलूरू में एक रेशम जैव-प्रौद्योगिकी अनुसंधान प्रयोगशाला (एसबीआरएल) काम कर रही है। क्षेत्रीय रेशम उत्पादन अनुसंधान केंद्र (आरएसआरएस) और अनुसंधान विस्तार केंद्र (आरईसी) कोसापूर्व और कोसोत्तर क्षेत्रों में उपरोक्त अनुसंधान संस्थानों से जुड़े हुए हैं।

अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा सिल्क समग्र-2 योजना के दौरान अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को शुरू करने के लिए शहतूत और वन्य रेशम क्षेत्रों में उच्च उत्पादन, उत्पादकता और गुणवत्ता और जैविक और अजैविक प्रतिबल के प्रति लचीलापन के लिए परपोषी पौधा और रेशमकीट नस्ल का सुधार शामिल हैं; नस्ल/संकर सुधार और रोग निदान के लिए आणविक उपकरणों को अपनाना; उन्नत बीज प्रौद्योगिकी और जननद्रव्य संरक्षण; कड़ी मेहनत में कमी और दक्षता में सुधार के लिए रेशम उत्पादन गतिविधियों का मशीनीकरण; कोसोत्तर क्षेत्र और बेहतर रेशम प्रसंस्करण मशीनरी/प्रौद्योगिकी के लिए मशीन निर्माण व्यवस्था की स्थापना; गैर-वस्त्र प्रयोजनों के लिए रेशम का वाणिज्यिक उपयोग; और रेशम जैव सामग्री अनुसंधान शामिल हैं।

अनुसंधान संस्थान, उद्योग के लिए आवश्यक कुशल जनशक्ति उत्पन्न करने के लिए रेशम उत्पादन के विभिन्न पहलुओं में विशेष प्रशिक्षण भी आयोजित करते हैं। शहतूत और गैर-शहतूत रेशम उत्पादन में उन्नत प्रौद्योगिकियों के हस्तांतरण का मूल्यांकन और कार्यान्वयन रेशम विभागों के समन्वय से किया जाएगा।

आईटी सेवाओं का उपयोग सिल्क्स (सेरीकल्चर इंफॉर्मेशन लिंक्ड नॉलेज सिस्टम) पोर्टल्स के माध्यम से दैनिक आधार पर रेशम माल मूल्य संचार प्रणाली, नेटवर्किंग और ज्ञान प्रबंधन और डेटा वेयरहाउसिंग प्रसार के लिए किया जाता है। केन्द्रीय रेशम बोर्ड की इकाइयों का कम्प्यूटरीकरण, सृजित परिसंपत्तियों की जियो टैगिंग, केंद्रीकृत निगरानी प्रणाली आदि भी आईटी एप्लिकेशन के उपयोग से किए जाते हैं।

ii. बीज संगठन

क. लक्षित रेशम उत्पादन को प्राप्त करने के लिए रेशम विभागों और निजी भागीदारों के समर्थन से पर्याप्त मात्रा में गुणवत्ता वाले रेशमकीट बीज की उपलब्धता सुनिश्चित करना और उत्पादकता मानकों में सुधार के लिए कार्य करना।

ख. नाभिक और मूल रेशमकीट बीज के उत्पादन और आपूर्ति के लिए चार स्तरीय बीज प्रगुणन नेटवर्क बनाए रखना।

ग. द्विप्रज वाणिज्यिक बीज उत्पादन में नेतृत्व की भूमिका

घ. राज्य इकाइयों और निजी रेशमकीट बीज उत्पादकों को गुणवत्तापूर्ण रेशमकीट बीज उत्पादन की क्षमता बढ़ाने के लिए सुविधा प्रदान करना

ङ. रेशमकीट बीज अधिनियम को लागू करके अपनी इकाइयों के लिए गुणवत्ता प्रमाणन का संचालन और राज्य एवं निजी इकाइयों के लिए इसकी सुविधा प्रदान करना।

च. बीज उत्पादन को बढ़ाने के लिए अंगीकृत बीज पालकों (एएसआर) को सहायता।

छ. बीज प्रौद्योगिकी अनुसंधान, रोग नियंत्रण, शीत भंडारण प्रौद्योगिकी, बीज संरक्षण आदि।

iii. समन्वय और बाजार विकास

क. रेशम उत्पादन विकास कार्यक्रमों के कार्यान्वयन और अनुश्रवण के लिए राज्य विभागों के साथ संपर्क और समन्वय।

ख. रेशम उत्पादन के विकास के लिए प्रभावी तालमेल और संसाधनों का एकत्रीकरण सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं / घटकों से सहायता प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार के विभिन्न मंत्रालयों / लाइन विभाग के साथ समन्वय।

ग. फैब्रिक इंजीनियरिंग, सिल्क ब्लेंड्स, नए फैब्रिक स्ट्रक्चर को डिजाइन करने, सिल्क और सिल्क ब्लेंड्स में नए उत्पादों के डिजाइन और विकास पर विशेष ध्यान देने के साथ उत्पाद डिजाइन, विकास और विविधीकरण (पी 3 डी)।

घ. देश में कोसे और कच्चे रेशम का निष्पक्ष और पारदर्शी विपणन प्रदान करने के लिए बाजार कड़ी/बाजार की अवसंरचना को मजबूत करने के लिए समर्थन।

ङ. जनजातीय समुदायों के हितों की रक्षा के लिए गैर-शहतूत कोसों के लिए मूल्य स्थिरीकरण समर्थन।

iv. गुणवत्ता प्रमाणन प्रणाली (क्यूसीएस), निर्यात, ब्रांड संवर्धन और प्रौद्योगिकी उन्नयन

क. गुणवत्ता आश्वासन, गुणवत्ता मूल्यांकन और गुणवत्ता प्रमाणन को सुदृढ़ करने की दिशा में उपाय।

ख. घरेलू बाजार में भारतीय रेशम का ब्रांड और जेनेरिक संवर्धन, निर्यात बाजार में ब्रांड भारतीय रेशम का संवर्धन।

ग. निर्यात को बढ़ावा देने के लिए भारतीय रेशम की गुणवत्ता, प्रसंस्करण और परिष्करण में सुधार के लिए प्रौद्योगिकी उन्नयन।

घ. रेशम की गुणवत्ता और शुद्धता सुनिश्चित करने के लिए कोसे और कच्चे रेशम का परीक्षण।

ङ. सिल्क मार्क ऑर्गनाइजेशन ऑफ इंडिया (एसएमओआई) के माध्यम से रेशम उत्पादों की शुद्धता के लिए "सिल्क मार्क" को लोकप्रिय बनाकर शुद्ध रेशम उत्पादों को बढ़ावा देना।

ख. मुख्य गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए सामान्य दिशा-निर्देश : कार्यक्रम तैयार करना और मंजूरी

(I) अनुसंधान एवं विकास, प्रशिक्षण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और सूचना प्रौद्योगिकी पहल

1. केन्द्रीय रेशम बोर्ड के अनुसंधान एवं विकास संस्थान शहतूत, एरी, मूगा और तसर रेशम उत्पादन में आवश्यकता आधारित अनुसंधान करेंगे और आयात स्थानापन्न अंतरराष्ट्रीय श्रेणी द्विप्रज रेशम के उत्पादन और स्वदेशी मशीन निर्माण आदि में आत्मनिर्भर बनने के लिए कोसापूर्व और कोसोत्तर दोनों क्षेत्रों में प्रौद्योगिकियों का विकास करेंगे।
2. केंद्रीय रेशम बोर्ड फैब्रिक इंजीनियरिंग, रेशम मिश्रणों आदि पर विशेष ध्यान देने के साथ उत्पाद डिजाइन, विकास और विविधीकरण (पी3डी) के लिए विभिन्न संस्थानों/अनुसंधान प्रयोगशालाओं के साथ सहयोगात्मक परियोजनाएं शुरू करेगा। इसके लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार की जाएगी।
3. अनुसंधान परियोजनाओं को पूरा करने और ऐसी तकनीक को क्षेत्र में स्थानांतरित करने के लिए समय सीमा होनी चाहिए ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।
4. पाँच वर्ष की कार्य योजना केन्द्रीय रेशम बोर्ड को जमा करनी होगी और वार्षिक कार्य योजना के आधार पर बजट आबंटित किया जाएगा।
5. वर्षवार कार्य योजना में आईसीएआर के मौजूदा नेटवर्क, कृषि विश्वविद्यालयों और राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति के अन्य अनुसंधान संगठनों के साथ अनुसंधान एवं विकास सहयोग शामिल होगा।
6. अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों की समीक्षा और अनुश्रवण के लिए प्रत्येक मुख्य अनुसंधान संस्थान की अपनी अनुसंधान सलाहकार समिति (आरएसी)/अनुसंधान परिषद (आरसी) होगी।
7. राष्ट्रीय स्तर की अनुसंधान समन्वयन समिति सिल्क समग्र-2 के परिणाम/परिणाम अनुश्रवण के लिए उद्देश्यों/तार्किक ढांचे के अनुरूप अनुसंधान परियोजनाओं की समीक्षा, मूल्यांकन व अनुमोदन करेगी ।
8. सभी अनुसंधान परियोजनाओं/प्रस्तावों के कार्यान्वयन के लिए एक अनुसंधान प्रबंधन और प्रौद्योगिकी प्रसार मैनुअल तैयार की जाएगी, जिसमें परियोजना की अवधारणा जांच व अनुश्रवण के लिए विस्तृत प्रक्रियाएं उल्लिखित की जाएंगी।
9. संकर प्राधिकरण समिति और शहतूत प्राधिकरण समिति रेशम समग्र-2 के लक्ष्य के अनुसार नई शहतूत किस्मों और रेशमकीट नस्लों को व्यवहार में लाने की सिफारिश करेगी।
10. रेशम समग्र-2 के लिए ईएफसी प्रस्ताव पर विचार करते समय नीति आयोग द्वारा सुझाए गए तार्किक ढांचे के दस्तावेजों के संदर्भ में अनुसंधान परियोजनाओं के निष्पादन का तिमाही आधार पर मूल्यांकन किया जाएगा।

11. आईसीएआर और सीएसआईआर संस्थानों की निष्पादन जांच प्रणाली को केन्द्रीय रेशम बोर्ड की अनुसंधान व विकास प्रणाली में एकीकृत किया जाएगा।
12. किसानों के लिए रेशम उत्पादन सलाह सेवाओं के लिए मोबाइल ऐप/पोर्टल, अनुसंधान एवं विकास, व आईटी पहल के एक भाग के रूप में किसानों और धागाकारों के लिए कोसा और रेशम दरों के लिए एसएमएस सेवा को विकसित किया जाएगा।
13. सिल्क्स पोर्टल के माध्यम से रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए पोर्टल के माध्यम से डेटा भंडारण और प्रसार, रिमोट सेंसिंग और जीआईएस के अनुप्रयोग के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड इकाइयों का डिजिटलीकरण और कम्प्यूटरीकरण ।
14. विभिन्न परियोजनाओं के अधीन सृजित रेशम उत्पादन संपत्तियों की जियो टैगिंग जीपीएस आधारित मोबाइल एप 'सिल्क' का उपयोग करके सुनिश्चित की जाएगी।
15. केन्द्रीय रेशम बोर्ड, राज्यों को सिल्क समग्र-2 के अनुसार वृक्षारोपण विकास, रेशमकीट बीज, कोसा व कच्चे रेशम का उत्पादन और अन्य मानकों के लिए राज्य-वार और वर्ष-वार लक्ष्यों को संप्रेषित करेगा और उनकी सहमति लेगा।
16. एमआईएस को एक मंच के तहत एकीकृत किया जाएगा और योजना के लाभ/परिणाम के अनुश्रवण और इसके वितरण प्रणाली और किसानों और धागाकारों के डेटाबेस को नियमित रूप से अद्यतन करने के लिए मजबूत प्रणाली विकसित की जाएगी।
17. सभी रेशम उत्पादन हितधारकों/रेशम उत्पादन पर राष्ट्रीय स्तर का डिजिटल सेरी डाटा बेस बनाया जाएगा।
18. मंत्रालय और नीति आयोग सहित हर स्तर पर निगरानी की सुविधा के लिए सभी डेटा बेस और मानदंड सार्वजनिक क्षेत्र में उपलब्ध कराए जाएंगे।
19. नागरिकों पर अनुपालन बोझ को कम करने के लिए डिजिटल इंडिया कार्यक्रम का कार्यान्वयन, सॉफ्टवेयर विकास (ई-ऑफिस, एचआरएमएस, ईआरपी और अन्य एमआईएस) और उनके रखरखाव, सॉफ्टवेयर की खरीद/उन्नयन आदि को सुनिश्चित किया जाएगा।
20. रेशम उत्पादन गतिविधियों और प्रौद्योगिकियों को बढ़ावा देने और लोकप्रिय बनाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग किया जाएगा।

(ii) बीज संगठन

1. शहतूत, तसर, एरी और मूगा के बीज संगठनों के पास केन्द्रीय रेशम बोर्ड, राज्य और पंजीकृत बीज उत्पादकों (आरएसपी) इकाइयों के माध्यम से देश की संपूर्ण बीज आवश्यकताओं का आकलन, उत्पादन और आपूर्ति करने के लिए अलग-अलग बीज कार्य योजना समितियां होंगी।
2. केन्द्रीय रेशम बोर्ड के बीज संगठन उन्नत द्विप्रज नस्लों और वन्य रेशमकीट बीज के कुलीन और नाभिक बीज उत्पादन पर ध्यान केंद्रित करेंगे तथा चार स्तरीय रेशमकीट बीज उत्पादन नेटवर्क की देखरेख और रखरखाव सुनिश्चित करेंगे।

3. द्विप्रज शहतूत क्षेत्र के अधीन बीज उत्पादन के लिए उद्यमियों को बढ़ावा देना और व्यावसायिक उपयोग के लिए और शीत भंडारण इकाइयों की स्थापना ।
4. रेशमकीट बीज उत्पादकों और किसानों/रेशम विभागों को एक साझा मंच प्रदान करने के लिए रेशमकीट बीज की वास्तविक समय पर उपलब्धता, बीज की लागत और उत्पादकों के विवरण के लिए मोबाइल ऐप विकसित किया जाएगा।
5. बीज संगठन शहतूत और वन्य रेशम क्षेत्रों में गुणवत्ता वाले द्विप्रज बुनियादी और वाणिज्यिक रेशमकीट बीज के उत्पादन के लिए राज्य सरकारों और आरएसपी का समर्थन करेंगे।
6. राज्य की वाणिज्यिक बीज आवश्यकता के लिए केन्द्रीय रेशम बोर्ड पर निर्भरता कम करने के लिए राज्य निजी भागीदारों के सहयोग से द्विप्रज वाणिज्यिक रेशमकीट बीज उत्पादन गतिविधियों को प्राथमिकता देगा।
7. द्विप्रज और वन्य वाणिज्यिक रेशमकीट बीज उत्पादन को निजी क्षेत्र को हस्तांतरित करने के लिए कार्य योजना तैयार कर कार्यान्वित की जाएगी।
8. केन्द्रीय रेशम बोर्ड के बीज संगठन अन्य रेशम उत्पादक देशों को रेशमकीट के बीज के निर्यात की संभावना का पता लगाएंगे और रेशमकीट बीज निर्यात के माध्यम से विदेशी मुद्रा अर्जन के लिए कार्य योजना भी तैयार करेंगे।
9. केन्द्रीय रेशम बोर्ड, राज्य और निजी क्षेत्र में बीज उत्पादन प्रक्रिया की निगरानी।

(iii) समन्वय और बाजार विकास

1. केंद्रीय रेशम बोर्ड देश में कोसे और कच्चे रेशम के निष्पक्ष और पारदर्शी विपणन को बढ़ावा देने के लिए बाजार संपर्कों/बाजार अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण के लिए राज्य सरकार को सहायता प्रदान करेगा।
2. रेशम उत्पादन के विकास के लिए प्रभावी तालमेल और संसाधनों के एकत्रीकरण को सुनिश्चित करने के लिए योजनाओं/घटकों से सहायता प्राप्त करने के लिए समान केंद्रीय मंत्रालयों/राज्य सरकार के समान विभाग के साथ अभिसरण के माध्यम से रेशम उत्पादन क्षेत्र के लिए समकक्ष वित्त पोषण का पता लगायेगा ।
3. घरेलू और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में शुद्ध रेशम उत्पादों के सतत् विकास, लक्ष्य और आजीविका सृजन और ब्रांड संवर्धन के लिए अंतरराष्ट्रीय वित्त पोषण एजेंसियों के साथ सहयोग का पता लगायेगा।
4. आदिवासी समुदायों के लाभ के लिए वन्य क्षेत्र में मूल्य स्थिरीकरण समर्थन सुनिश्चित करेगा। तसर, एरी और मूगा के लिए अलग से मूल्य निर्धारण समिति गठित की जाएगी।

(iv) गुणवत्ता प्रमाणन प्रणाली (क्यूसीएस), निर्यात, ब्रांड संवर्धन और प्रौद्योगिकी उन्नयन

1. एसएमओआई की गतिविधियों की पूर्ण आउटसोर्सिंग मोबाइल ऐप का उपयोग करके और एसएमओआई गतिविधियों के ऑनलाइन/डिजिटलीकरण द्वारा सुनिश्चित की जाएगी।
2. क्यूसीएस के तहत गतिविधियों की आउटसोर्सिंग के लिए, एसएमओआई द्वारा वार्षिक कार्य योजना प्रस्तुत की जानी चाहिए जिसमें वार्षिक कार्यनीति और मील के पत्थर हों।

3. सिल्क मार्क लेबल को बढ़ावा देने, उपभोक्ता जागरूकता और दुनिया भर में भारतीय रेशम के लिए ब्रांड छवि बनाने के लिए विपणन कार्यनीतियों के लिए एसएमओआई कार्य योजना तैयार करेगा।
4. एसएमओआई रेशम उत्पादों की मांग और आपूर्ति, उपभोक्ता वरीयताओं और भारतीय रेशम उत्पादों के लिए वैश्विक अवसर पर बाजार अध्ययन करेगा।
5. एसएमओआई सिल्क समग्र-2 योजना के तहत निधि सहायता प्राप्त करने के लिए वार्षिक कार्य योजना तैयार करेगा और निम्नलिखित गतिविधियों के लिए केंद्रीय रेशम बोर्ड को अपनी प्रशासन समिति द्वारा विधिवत अनुमोदित प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा:

   क. शुद्ध रेशम उत्पादों की बिक्री को लोकप्रिय बनाने के लिए सिल्क मार्क लेबल की खपत बढ़ाने के लिए सिल्क मार्क के पंजीकृत अधिकृत उपयोगकर्ताओं को निष्पादन आधारित प्रोत्साहन प्रदान करना।

   ख. रेशम के ब्रांड और जेनेरिक प्रचार के लिए शुद्ध रेशम की वस्तुओं के प्राथमिक उत्पादकों को सहायता प्रदान करना । रेशम के गुणवत्ता आश्वासन के लिए कोसे और कच्चे रेशम परीक्षण उपकरण की स्थापना के लिए विभिन्न राज्यों में राज्य/सरकारी एजेंसियों को सहायता प्रदान की जाएगी।

ग. मुख्य गतिविधियों के कार्यान्वयन और अनुश्रवण के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश

1. केन्द्रीय रेशम बोर्ड मुख्यालय और संस्थानों में लेखाओं की लेखापरीक्षा सीएजी, भारत सरकार के कार्यालयों द्वारा की जाएगी।
2. वार्षिक कार्य योजना बैठक अप्रैल के दौरान आयोजित की जाएगी और विस्तृत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए सभी संबंधितों को प्रशासनिक अनुमोदन के साथ कार्य योजना बैठक के निर्णयों से अवगत कराया जाएगा।
3. कार्य योजना में अन्य बातों के साथ-साथ योजना के सभी घटकों और गतिविधियों के तिमाही वित्तीय और भौतिक लक्ष्य शामिल होंगे।
4. वार्षिक कार्य योजना और प्रशासनिक अनुमोदन के अनुसार केन्द्रीय रेशम बोर्ड के संस्थान/इकाइयां सभी औपचारिकताओं के साथ दूसरी तिमाही के अंत से पहले प्रस्ताव भेजेंगे।
5. बीज क्षेत्र के लिए वार्षिक कार्य योजना में केन्द्रीय रेशम बोर्ड की अपनी अवसंरचना को सुदृढ़ करने के अलावा राज्य क्षेत्र और आरएसपी के लिए घटक भी शामिल होंगे।
6. एकल खिड़की प्रणाली द्वारा खरीद/भंडार और निर्माण/रखरखाव दोनों के संबंध में प्रस्तावों, स्पष्टीकरण की मांग, अनुमोदन प्रदान करना, कार्यान्वयन प्रगति आदि की निगरानी की जाएगी।
7. योजनाओं के विभिन्न घटकों के कार्यान्वयन पर मासिक वित्तीय और भौतिक प्रगति रिपोर्ट संबंधित इकाइयों द्वारा केन्द्रीय रेशम बोर्ड को प्रस्तुत की जाएगी।
8. केंद्रीय क्षेत्र की सभी योजनाओं के अधीन विभिन्न कार्यक्रमों के कार्यान्वयन पर आंतरिक मूल्यांकन केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

9. अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशालाओं के अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप केन्द्रीय रेशम बोर्ड के अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के आधुनिकीकरण और उन्नयन के लिए कार्य योजना तैयार और कार्यान्वित की जाएगी।
10. सिल्क समग्र-2 अवधि के दौरान केन्द्रीय रेशम बोर्ड के अनुसंधान एवं विकास संस्थानों द्वारा विकसित नई प्रौद्योगिकी/नवाचार को लाभार्थी उन्मुख घटकों के माध्यम से क्षेत्र में स्थानांतरित किया जाएगा।
11. केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा गठित एक समिति प्रौद्योगिकी/नवाचार के व्यावसायीकरण के लिए इकाई लागत का आकलन करेगी। समिति में उद्योग जगत के सदस्य भी शामिल होंगे।
12. प्रशासनिक व्यय या पदों के सृजन से संबंधित घटकों/मदों में वृद्धि नहीं की जाएगी। सामान्य वित्तीय/बजटीय पुनर्विनियोग नियमों का पालन किया जाएगा।
13. योजना अवधि के दौरान केन्द्रीय रेशम बोर्ड के कर्मचारियों के विभिन्न संवर्गों में सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न होने वाली 1442 की अतिरिक्त रिक्तियों में से 30 वैज्ञानिकों और समूह-ए स्तर पर 10 प्रशासनिक अधिकारियों सहित 395 पद नहीं भरे जाएंगे।
14. प्रदर्शन उन्मुख जनशक्ति की नियुक्ति के माध्यम से अनुसंधान व विकास परियोजनाओं/सिल्क समग्र-2 योजना कार्यान्वयन/केन्द्रीय रेशम बोर्ड के प्रशासन में जनशक्ति की आवश्यकता को पूरा करने के लिए योग्य व्यक्तियों, विशेषज्ञ सेवाओं, जेआरएफ/एसआरएफ आदि को लेने के लिए वार्षिक योजना तैयार की जाएगी।

घ. निधि का विमोचन और उपयोग

1. मंत्रालय द्वारा केन्द्रीय रेशम बोर्ड को अनुमोदित वार्षिक बजट और सिल्क समग्र-2 के प्रावधानों के अनुसार निधि जारी की जाएगी और इकाई के अनुमोदित बजट/कार्य योजना के अनुसार पीएफएमएस के माध्यम से प्रत्यायोजित इकाइयों को आगे जारी किया जाएगा।
2. वित्तीय स्वीकृतियां, लेखा और व्यय केन्द्रीय रेशम बोर्ड के मौजूदा नियमों के अनुसार होंगे और जीएफआर प्रावधानों के अनुसार विनियमित होंगे।
3. वार्षिक कार्य योजना के समग्र लक्ष्यों और उद्देश्यों से समझौता किए बिना, निधि की उपलब्धता के अधीन अंतर-घटक परिवर्तन की अनुमति है।
4. योजना के विभिन्न घटकों/उप-घटकों के लिए ईएफसी में प्रावधान केवल सांकेतिक है और वस्त्र मंत्रालय/केंद्रीय रेशम बोर्ड आवश्यकता आधारित अंतर-घटक परिवर्तनों का निर्णय ले सकता है।
5. ईएफसी में इंगित वर्ष-वार प्रावधान केवल सांकेतिक है और बजट प्रावधान के अधीन, किसी भी वर्ष के लिए ईएफसी प्रावधान से अधिक व्यय किया जा सकता है।
6. संलग्नक-I में दिए गए अनुसार जीएफआर 12-ए के अनुसार उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे।

III लाभार्थी-उन्मुख घटकों के कार्यान्वयन के लिए दिशानिर्देश

क. सहायता के लिए उपलब्ध घटक

केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा सीधे क्रियान्वित की गई प्रमुख गतिविधियों के अलावा, रेशम उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए सिल्क समग्र-2 योजना अवधि के दौरान क्षेत्र में आवश्यक कुछ लाभार्थी उन्मुख महत्वपूर्ण मध्यस्थताओं को लागू किया जाएगा। ये मध्यस्थता केन्द्रीय रेशम बोर्ड के अनुसंधान संस्थानों द्वारा विकसित उन्नत प्रौद्योगिकी पैकेजों के हस्तांतरण और अपनाने का महत्वपूर्ण साधन हैं। लाभार्थी उन्मुख मध्यस्थता के अंतर्गत कोसापूर्व एवं कोसोत्तर क्षेत्र जैसे परपोषी पौधों का विकास और विस्तार, रेशमकीट पालन के लिए समर्थन, रेशमकीट बीज उत्पादन बुनियादी अवसंरचना का सुदृढ़ीकरण और सृजन, फार्म एवं कोसोत्तर क्षमताओं का विकास, रेशम धागाकरण व संसाधन प्रौद्योगिकियों का उन्नयन एवं कौशल विकास तथा कौशल उन्नयन के माध्यम से क्षमता विकास को शामिल किया जाएगा । इन घटकों को लाभार्थियों को व्यक्तिगत लाभार्थी के लिए पैकेज के रूप में अथवा परियोजना के रूप में प्रदान किया जाएगा।

रेशम/रेशम उत्पादन क्षेत्र में रेशम उत्पादन हितधारकों को सशक्त करने एवं अपने कौशल व क्षमता को बढ़ाने/कौशल विकसित करने व कौशल उन्नयन के लिए (i) क्षमता विकास/प्रशिक्षण (ii) किसान नर्सरी के विकास के लिए सहायता और (iii) वन्य रेशम धागाकरण मशीनरी जैसे कुछ व्यक्तिगत घटकों के अलावा व्यक्तिगत लाभार्थियों के साथ-साथ रेशम व्यापार उद्यमियों/कॉर्पोरेट रेशम उत्पादन (खेत से वस्त्र - बड़े पैमाने पर खेती) की आवश्यकता को पूरा करने के लिए रेशम उत्पादन हितधारकों के लिए पैकेजों के नौ बंडल उपलब्ध है ।

पैकेजों के बंडल निम्नानुसार है :

1. **शहतूत एवं वन्य रेशम कीटपालन के लिए सहायता पैकेज:** इस पैकेज में उन्नत किस्म के पौधारोपण, सिंचाई, कीटपालन गृह का निर्माण, कीटपालन उपकरण और कीटाणुनाशक की आपूर्ति (बेहतर उत्पादन के लिए रोगनिरोधी उपाय) के लिए समर्थन और शहतूत और वन्य रेशम के लिए चॉकी कीटपालन केंद्रों को लोकप्रिय बनाना शामिल है।
2. **रेशमकीट बीज कीटपालकों को सहायता:** इस मद के अंतर्गत, गुणवत्तायुक्त रेशमकीट बीज के उत्पादन के लिए तसर, एरी एवं मूगा क्षेत्रों में चॉकी उद्यान के विकास/रख-रखाव के अलावा अधिगृहीत बीज कीटपालकों को सशक्त बनाने, राज्य और पंजीकृत बीज उत्पादकों के लिए कीटाणुनाशक और बीज परीक्षण उपकरणों की खरीद के प्रति सहायता दी जाती है ।
3. **लघु एवं मध्यम धागाकरण इकाइयों के लिए सहायता:** यह उन्नत लघु एवं मध्यम शहतूत रेशम धागाकरण इकाइयों की स्थापना के लिए सहायता प्रदान करता है। इस पैकेज में सभी पहचाने गए और सूचीबद्ध उपकरण शामिल हैं।
4. **उद्यम हेतु स्वचालित रेशम धागाकरण मशीनरी पैकेज के लिए सहायता:** इकाई लागत में दर्शाए गए अनुसार सभी मशीनरी पुर्जे पैकेज में होंगे एवं इनकी आपूर्ति स्वचालित धागाकरण मशीन के साथ की जाएगी।

5. **प्यूपा संसाधन इकाइयों की स्थापना के लिए सहायता:** इसमें पीलेड निष्कर्षण और प्यूपा पृथक्करण मशीन शामिल है। उपयुक्त संशोधनों के साथ, एरी क्षेत्र के लिए प्यूपा संसाधन और कैनिंग इकाई के लिए स्थानीय आवश्यकता के अनुरूप भी इस मद का उपयोग किया जा सकता है।
6. **रेशम बुनाई क्षेत्र के लिए सहायता:** रेशम बुनाई क्षेत्र की सहायता के लिए उन्नत प्रौद्योगिकी और गैजेट्स के साथ रेशम बुनाई क्षेत्र की समस्याओं को हल करने जैसे बेहतर उत्पादकता, वस्त्रों की गुणवत्ता और बुनकरों के कठिन परिश्रम को कम करने के उपाय इस पैकेज में उपलब्ध हैं।
7. **रेशम रंगाई और संसाधन के लिए सहायता:** इस मद के अंतर्गत प्रस्तावित प्रौद्योगिकियां रेशम धागे की रंगाई और संसाधन क्षेत्र में पानी, ऊर्जा की खपत और जनशक्ति की आवश्यकता को कम करता है। रंगाई की गुणवत्ता में सुधार के अलावा, यह श्रमिकों को अनुकूल कार्य वातावरण प्रदान करने में भी मदद करता है।
8. **रेशम व्यापार उद्यम के लिए सहायता पैकेज:** इस मद में द्विप्रज रेशम उत्पादन को बढ़ाने के लिए आयात विकल्प, रेशम-व्यापार उद्यमी/कॉर्पोरेट रेशम उत्पादन (खेत से वस्त्र - बड़े पैमाने पर खेती)/उन्नत धागाकरण गतिविधि के माध्यम से उद्योग की भागीदारी युक्तिसंगत पैमाने के सब्सिडी समर्थन के साथ शामिल की गई है ।
9. **एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट - जीरो डिस्चार्ज और ग्राउंड डिस्चार्ज टाइप की स्थापना के लिए सहायता:** पैकेज ईटीपी के साथ रेशम सूत रंगाई और रेशम कपड़ासंसाधन सुविधाओं के लिए सहायता प्रदान करता है और प्रदूषण मुक्त संसाधन इकाइयों को प्रोत्साहित करता है।

ख. कार्यान्वयन अभिकरण

i. राज्य रेशम उत्पादन विभाग और वर्तमान प्रकिया के अनुसार राज्य सरकारों के अन्य समान विभाग ।

ii. राज्य रेशम उत्पादन विभागों को विभाग के माध्यम से इसे लागू करने अथवा पहचाने गए विशिष्ट क्षेत्र में संबंधित राज्य सरकार के अनुमोदन के अनुसार उपयुक्त अभिकरण/स्थानीय निकायों की पहचान करने का विवेकाधिकार होगा।

iii. राज्य सरकार के कोई अन्य विभाग जैसे वन/बागवानी/कृषि/ग्रामीण विकास आदि, अपनी स्वयं की योजना के साथ बेहतर अभिसरण की सुविधा के लिए परियोजना मोड में इन घटकों को कार्यान्वित करने का प्रस्ताव कर सकते हैं।

ग. निधि सहायता का दायरा और बजटीय आवंटन

(I) राज्यों के रेशम उत्पादन विभागों/समान विभागों को सहायता

1. सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत प्रस्तावित सभी लाभार्थी उन्मुख घटकों को परियोजनाओं के कार्यान्वयन के माध्यम से राज्य रेशम उत्पादन विभाग/इसी प्रकार के विभागों द्वारा लाभार्थी/हितधारकों के समर्थन के लिए कार्यान्वित किया जाएगा।
2. इसके अलावा, रेशम उत्पादन क्षेत्र में विकास और रोजगार को बढ़ावा देने एवं रेशम उत्पादों के लिए बाजार संपर्क प्रदान करने हेतु राज्य की विशिष्ट आवश्यकता पर विचार करते हुए, राज्य के रेशम उत्पादन

अवसंरचना जैसे रेशमकीट बीजागार, राज्य के हितधारकों/रेशम उत्पादकों के लाभ हेतु विपणन अवसंरचना एवं गुणवत्ता प्रमाणन प्रणाली को सुदृढ करने के लिए सामान्य सुविधा केंद्र और उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना के लिए भी राज्य रेशम उत्पादन विभाग प्रस्ताव कर सकते हैं।

3. इस तरह के की मध्यस्थता हेतु लागत राज्य लोनिवि/केलोनिवि के विद्यमान एसओआर के अनुसार होगी और जहां तक वित्त पोषण के हिस्सेदारी पैटर्न का संबंध है, राज्य को एक लाभार्थी के रूप में माना जाएगा।

(ii) उत्तर पूर्वी राज्यों को परियोजना आधारित सहायता

1. सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत रेशम के स्थानीय उत्पादन और खपत के लिए संपूर्ण मूल्य श्रृंखला प्रदान करते हुए उत्तर-पूर्व में परियोजना आधारित रेशम उत्पादन गतिविधियों के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय रेशम बोर्ड ने प्रस्ताव किया है ।
2. इसमें स्थानीय लोगों और कार्यान्वयन अभिकरणों के कार्यकर्ताओं के कौशल निर्माण व विकास, बुनियादी अवसंरचना के सृजन हेतु सहायता प्रदान करना, संवृद्धि सुनिश्चित करना, रोजगार के अवसर पैदा करना तथा घरेलू तथा अंतरराष्ट्रीय बाजारों में रेशम उत्पादों के लिए बाजार संपर्क प्रदान करना, हितधारकों की आय बढ़ाने के लिए देश के अंदर और बाहर बाज़ार उन्नयन गतिविधियों में भागीदारी जैसे घटक शामिल होंगे।
3. इसे संभव बनाने के लिए राज्य की विशिष्ट आवश्यकता के अनुसार, एनईआरटीपीएस परियोजनाओं के अंतर्गत कार्यान्वित किए गए अनुसार, नई परियोजनाओं में सामान्य सुविधा केंद्रों, फार्म मशीनीकरण, कोसोत्तर एवं पोस्ट यार्न क्षेत्र, विपणन अवसंरचना एवं उत्कृष्ट केन्द्र आदि की स्थापना के लिए भी प्रस्ताव किया जा सकता है।
4. इस तरह के मध्यस्थता की लागत सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत अनुमोदित एनईआरटीपीएस/घटकों के अंतर्गत कार्यान्वित परियोजनाओं के आधार पर निर्माण गतिविधियां और उपकरणों तथा मशीनरी के लिए राज्य लोनिवि/ केलोनिवि अथवा उत्तर-पूर्वी क्षेत्र के वर्तमान एसओआर के अनुसार होगी।
5. परियोजना के अंतर्गत सृजित अवसंरचनाओं का परियोजना के पश्चात अनुरक्षण शीर्ष अनुमोदन व अनुश्रवण समिति के अनुमोदन से संबंधित राज्य विभागों अथवा राज्य विभाग द्वारा निर्धारित परियोजना कार्यान्वयन अभिकरण द्वारा किया जाएगा।
6. परियोजना में आवश्यकता-आधारित अपेक्षाओं के आधार पर, परियोजना स्थानों के लिए उपकरणों और मशीनरी की परिवहन लागत, कर आदि को पूरा करने के लिए नव मध्यस्थता के माध्यम से परियोजना का वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए 10% की सीमा तक फ्लेक्सी फंड के अंतर्गत आवश्यक लिंकेज भी प्रदान किए जाएंगे।
7. सभी पूर्वोत्तर राज्यों में परिधान और परिधान इकाइयों को पूरा करने के लिए प्रावधान भी निर्धारित किया गया है। निधि पैटर्न और कार्यान्वयन दिशा-निर्देश एनईआरटीपीएस के अनुमोदित दिशा-निर्देशों के अनुसार होंगे।

(iii) पूर्ववर्ती एनईआरटीपीएस के अंतर्गत चल रही रेशम उत्पादन परियोजना के लिए वित्त पोषण: रेशम उत्पादन के अंतर्गत चल रही एनईआरटीपीएस परियोजनाओं की बची हुई गतिविधियों को सिल्क समग्र-2 योजना के अनुमोदित कार्यान्वयन दिशानिर्देशों के अनुसार वित्त पोषित किया जाएगा। इसके लिए अलग से कोई दिशानिर्देश नहीं होंगे। तथापि, इन परियोजनाओं को 31.03.2023 तक अनुमोदित डीपीआर के अनुसार पूरा किया जाना है।

(iv) निधि का आवंटन: सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत अगले 5 वर्षों (2021-22 से 2025-26) के लिए कुल 1050.00 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। निधि प्रावधान का इकाई-वार विवरण और इकाई लागत, शामिल की जाने वाली संभावित भौतिक इकाइयों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है। पूर्वोत्तर राज्य भी इस शीर्ष के अंतर्गत निधि सहायता के पात्र होंगे। तथापि, पूर्वोत्तर विशिष्ट रेशम उत्पादन परियोजना के कार्यान्वयन हेतु रु.230.00 करोड़ अलग से आवंटित किया जाएगा और पूर्ववर्ती एनईआरटीपीएस के अंतर्गत चल रही परियोजना को पूरा करने के लिए चालू रेशम उत्पादन परियोजना/ए एंड जीएमयू के लिए 154.85 करोड़ रुपये की धनराशि आवंटित की जाएगी। राज्यों को निधि का आवंटन पिछले 2-3 वर्षों में कच्चे रेशम के उत्पादन, रेशम उत्पादकों की संख्या, निधि का उपयोग, आकार, विकास दर और रेशम उद्योग के विस्तार के लिए भविष्य की संभावनाओं पर निर्भर करेगा।

घ. राज्यों द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करना

1. राज्य रेशम उत्पादन विभाग/इसी प्रकार के विभाग, विभाग के निदेशक/आयुक्त की अध्यक्षता तथा केन्द्रीय रेशम बोर्ड एवं राज्य रेशम उत्पादन विभाग के सदस्यों निहित राज्य की परियोजना अनुश्रवण समिति (पीएमसी) के अनुमोदन के साथ प्रस्ताव प्रस्तुत करेगा। पीएमसी के गठन का विवरण **अनुबंध-III** में दिया गया है।
2. राज्य विभाग सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत व्यक्तिगत किसानों के आधार पर और परियोजना मोड दोनों में सहायता प्राप्त कर सकता है। तथापि, कार्यान्वयन सख्ती से केवल क्लस्टर मोड में होगा जिसके प्रत्येक ब्लॉक में कम से कम 50 लाभार्थी होने चाहिए ।
3. राज्य रेशम उत्पादन विभाग/इसी प्रकार के विभाग द्वारा यथा लागू परियोजना अनुश्रवण एवं कार्यान्वयन समिति का गठन किया जायेगा।
4. इसी प्रकार के विभागों द्वारा प्रस्तुत परियोजनाओं को भी समान विभागों द्वारा गठित पीएमसी द्वारा निरीक्षित किया जाएगा।
5. इस प्रकार के विभाग के मामले में, केन्द्रीय रेशम बोर्ड/राज्य रेशम उत्पादन विभाग और कार्यान्वयन अभिकरण के बीच या केन्द्रीय रेशम बोर्ड और इस प्रकार के विभाग के बीच समझौता ज्ञापन निष्पादित किया जाएगा।
6. केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा हिस्सेदारी पैटर्न के अनुसार और एएएमसी, केन्द्रीय रेशम बोर्ड मुख्यालय में सदस्य सचिव, केन्द्रीय रेशम बोर्ड की अध्यक्षता में एक शीर्ष समिति के अनुमोदन के पश्चात् निधि सीधे कार्यान्वयन अभिकरणों को विमोचित की जाएगी। एएएमसी के गठन का विवरण **अनुबंध-IV** में दिया गया है।

7. केन्द्रीय रेशम बोर्ड उपलब्ध बजट के अनुसार कार्यान्वयन अभिकरणों को निधि मंजूर कर विमोचित करेगा तथा प्रस्ताव के मूल्यांकन संबंधी प्रक्रिया निर्धारित करेगा।
8. सभी मामलों में, संबंधित राज्य विभाग/इसी प्रकार के विभाग ऐसे घटकों के लिए निधि के बराबर हिस्से की उपलब्धता सुनिश्चित करेंगे।
9. राज्यों के लिए निधि के अनंतिम अनुमोदित आवंटन को समय पर नए प्रस्तावों की योजना हेतु भारत सरकार द्वारा वार्षिक बजट आवंटन के अनुसार दिसंबर महीने के दौरान संसूचित किया जाएगा।
10. परियोजना की अवधि क्षेत्र स्तर की आवश्यकता के अनुसार घटकों/परियोजना क्षेत्र की प्रकृति के आधार पर 2 से 3 वर्ष तक हो सकती है।
11. राज्यों को वर्ष-वार उत्पादन/परिणाम सहित वर्ष-वार एवं घटकवार निधि आवश्यकता का विवरण (भारत सरकार:राज्य:लाभार्थी) दर्शाते हुए अगले 5 वर्षों (2021-22 से 2025-26) के लिए विस्तृत प्रस्ताव तैयार करना होगा।
12. प्रस्ताव में भारत सरकार/राज्य सरकार की अन्य योजनाओं के साथ अभिसरण के माध्यम से वित्त पोषण भी शामिल होगा (सिल्क समग्र-2, आरकेवीवाई, मनरेगा, राज्य का हिस्सा और अन्य, यदि कोई हो) ।
13. कार्यान्वयन करने वाला राज्य विभाग निधि मांगने के लिए परियोजना प्रस्ताव को अन्य विभागों को संदर्भित करेगा ताकि परियोजना की तैयारी और तद्संबंधी निधि उपलब्ध करने में अतिव्याप्ति और दोहराव न हो ।
14. परियोजना प्रस्ताव में स्पष्ट रूप से लाभार्थियों की श्रेणी अर्थात अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और सामान्य की सहलग्नता और प्रत्येक समूह के लिए निधि की आवश्यकता का स्पष्ट रूप से उल्लेख करना होगा।
15. परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पहले या निधि विमोचित करने से पहले राज्य द्वारा लाभार्थी का चयन किया जाएगा।
16. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लाभार्थियों के चयन को आसपास के समूह/ब्लॉक में क्षेत्र का विस्तार करने के लिए और अधिक लचीला बनाया जाएगा ताकि योजना और निधि आवंटन की आवश्यकता को पूरा करने के लिए सहलग्नता को अधिकतम किया जा सके।
17. परियोजना प्रस्तावों में स्पष्ट लक्ष्य, मापने योग्य लक्ष्य, संसाधन और समय अनुसूची होनी चाहिए। न्यूनतम परियोजना अवधि 2 वर्ष होनी चाहिए।
18. उच्च सब्सिडी दर वाले लघु और सीमांत किसानों पर ध्यान केंद्रित करने और गतिविधियों को प्रारंभ करने के साथ-साथ उत्पादन बढ़ाने के लिए उद्यमियों/किसान उत्पादक संगठन और कॉर्पोरेट क्षेत्र की सहायता करने के लिए योजना के हिस्सेदारी पैटर्न को युक्तिसंगत बनाया गया है।
19. राज्य एक प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करेगा कि प्रस्तावित परियोजना में अन्य मंत्रालयों/विभागों से सहायता या लाभार्थियों का कोई अतिव्यापी या दोहराव नहीं है।

20. तदनुसार, योजना की तीन व्यापक श्रेणियां होंगी और प्रत्येक श्रेणी के लिए प्रस्ताव अलग से प्रस्तुत किए जाएं :
    - लघु और सीमांत किसान
    - नए उद्यमी
    - विद्यमान उद्यमियों/लाभार्थियों को अपनी गतिविधियों को बढ़ाने के लिए।
21. प्रस्ताव तैयार करते समय फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज जैसे पौधारोपण सामग्री की आपूर्ति, रेशमकीट बीज, अन्य निवेश और विपणन सहायता आदि सुनिश्चित की जानी चाहिए।
22. सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत अपेक्षित घटक-वार मध्यस्थता और अन्य विभागों से भी अनुमोदित इकाई लागत, हिस्सेदारी पैटर्न, वर्ष-वार परिणाम और प्रत्याशित परिणाम आदि के अनुसार प्रत्येक घटक की लागत के साथ अभिसरण के माध्यम से परियोजना में उल्लेख किया जाएगा।
23. नर्सरी विकास घटक के लिए निधि आरकेवीवाई–आरएएफटीएएआर के अंतर्गत आरकेवीवाई के साथ अभिसरण के माध्यम से प्राप्त की जाए ।
24. कार्यान्वयन अभिकरण सामान्य अवसंरचना के सृजन के लिए आरकेवीवाई से निधि प्राप्त कर सकती हैं। इसी प्रकार कृषक स्तर पर पौधारोपण का विकास मनरेगा के माध्यम से उपलब्ध किया जाए।
25. कोसोत्तर क्षेत्र में स्थापित करने हेतु प्रस्तावित इकाई / अवसंरचना में कच्चे माल का उत्पादन, क्षेत्र और बाज़ार के बीच अच्छा और स्पष्ट संबंध होना चाहिए, ताकि कच्चे माल की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित की जा सके ।
26. कोसापूर्व क्षेत्र के लिए परियोजना तैयार करने हेतु आरएस एंड जीआईएस/सिल्क्स पोर्टल के अनुसार केवल संभावित क्षेत्र की पहचान की जाएगी और गतिविधियों के कार्यान्वयन के लिए हितधारकों/ किसानों के साथ परामर्श किया जाएगा एवं प्रस्ताव में इसका उल्लेख किया जाएगा।
27. निष्पादन का बेंचमार्क सर्वेक्षण विद्यमान रेशम उत्पादन ब्लॉक/क्लस्टर पर किया जाएगा और प्रस्ताव में संदर्भित किया जाएगा।
28. राज्यों द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव में निम्नलिखित को विस्तार से बताया जाएगा:
    i. परियोजना क्षेत्र की पहचान करने का औचित्य।
    ii. लाभार्थी की उपलब्धता और न्यूनतम 30% महिला लाभार्थी हैं।
    iii. प्रस्ताव के साथ या बाद में, लेकिन निधि विमोचित करने से पहले, आधार संख्या, भूमि का स्वामित्व, वर्तमान व्यवसाय और आय स्तर आदि सहित लाभार्थी का डेटा बेस।
    iv. विस्तृत कार्य योजना और समय पर कार्यान्वयन के लिए मौसम और स्थानीय परिस्थितियों के आधार पर गतिविधियों का समकालिक फ्लो चार्ट।
    v. प्रस्ताव में क्षमता विकास और प्रशिक्षण की आवश्यकता और बुनियादी अवसंरचना की जियो-टैगिंग की व्यवस्था संबंधी विवरण भी होगा।

29. प्रस्ताव में वर्तमान बुनियादी अवसंरचना का मानचित्रण शामिल होगा जो वर्तमान सुविधाओं का पूरी तरह से उपयोग और अंतराल को पूरा करने, यदि कोई हो तो, को सक्षम करने के लिए संस्थापित क्षमताओं और कार्य क्षमताओं को दर्शाता है।
30. जहां तक संभव हो, राज्य को सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत द्विप्रज रेशम उत्पादन पर प्रस्ताव प्रस्तुत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए ताकि आयात विकल्प रेशम उत्पादन में आत्मनिर्भरता हासिल की जा सके।
31. घटकों के पैकेज के रूप में उपलब्ध सहायता और साथ ही प्रत्येक घटक पर संक्षिप्त लेख एवं इकाई लागत संबंधी विवरण, सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत परियोजना की तैयारी/सहायता के लिए प्रस्ताव प्रस्तुत करने के लिए राज्य विभागों को परिचालित किया जाएगा **(अनुबंध-IX)**।
32. पैकेज में कुल लागत की समग्र सीमा होगी। तथापि पैकेज के अंदर वैयक्तिक घटकों की इकाई लागत लचीली होगी और एक घटक से बचत, यदि कोई हो, का उपयोग अन्य घटक के लिए किया जा सकता है, जहां यह अनुमोदित हिस्सेदारी पैटर्न के अनुसार इकाई लागत से अधिक होती है।
33. पैकेज में लचीलापन केंद्रीय रेशम बोर्ड द्वारा गठित एक तकनीकी समिति द्वारा निर्धारित की जाएगी, जिसमें केन्द्रीय रेशम बोर्ड और राज्य के सदस्य होंगे। पीएमसी तकनीकी समिति की सिफारिशों की जांच करेगी और योग्यता के आधार पर मंजूरी देगी।
34. सिल्क समग्र-2 के अंतर्गत घटकों का कार्यान्वयन करते समय, ब्याज के रूप में अर्जित राशि, यदि कोई हो, का उपयोग केवल पीएमसी के अनुमोदन से रेशम उत्पादन विकास कार्यक्रमों/अतिरिक्त गतिविधियों के लिए किया जाएगा।
35. कोई भी सरकारी पंजीकृत संगठन/निकाय/संघ/स्थानीय निकायों और गैर सरकारी संगठनों/एसपीवी और एफपीओ अपना प्रस्ताव केवल संबंधित राज्य रेशम उत्पादन विभागों के माध्यम से प्रस्तुत करेंगे। प्रस्ताव की जांच कर सिफारिश के लिए राज्य परियोजना अनुश्रवण समिति द्वारा अनुमोदित किया जाएगा।
36. राज्य विशेष रूप से लाभार्थियों के लिए कोई घटक(कों) को कार्यान्वित करने का इच्छुक है, तो राज्य फार्मों/राज्यों की इकाइयों में राज्य हिस्से के अलावा लाभार्थियों के हिस्से का भी वहन कर, ऐसे कर सकते हैं ।
37. परियोजना लागत का 10% तक फ्लेक्सी फंड और 5% सूचना, शिक्षा और संचार, प्रशासन और अनुश्रवण के प्रति प्रस्तावित किया जा सकता है। इसमें से भारत सरकार का हिस्सा परियोजना के घटकों के लिए कुल केन्द्रीय रेशम बोर्ड के हिस्से के अनुपात में होगा।
38. फ्लेक्सी फंड का उपयोग परियोजना कार्यान्वयन के लिए व्यवहार्यता गैप फंडिंग, अभिनव घटकों [जो योजना कार्यान्वयन अवधि के दौरान विकसित किए गए हैं], रेशम मूल्य श्रृंखला में गुणवत्ता प्रमाणन प्रणाली की स्थापना, नए रूप में प्रस्तावित कृषक समूहों से किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के गठन तथा उपकरण/मशीनरी के लागत वृद्धि के प्रति किया जाएगा।
39. केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा कुल परियोजना लागत के 2.5% एक स्वतंत्र सरकार/बाहरी अभिकरण द्वारा सिल्क समग्र-2 योजना के समर्थन से सृजित अवसंरचना की जांच और क्षेत्र की गतिविधियों के निष्पादन के

मूल्यांकन के प्रति आने वाले व्यय को पूरा करने के लिए रखा जाएगा। यह राशि परियोजना तैयार करते समय राज्य द्वारा निर्धारित की जाने वाली आईईसी का हिस्सा होगी।

ङ. परियोजना मूल्यांकन/अनुमोदन के लिए तंत्र

i. परियोजना प्रस्ताव को सभी आवश्यक प्रमुख निवेश/पैरा को ध्यान में रखते हुए सुझाए गए टेम्प्लेट के अनुसार तैयार किया जाएगा, जैसा कि **अनुबंध-V** के चेक लिस्ट में दर्शाया गया है।

ii. सभी परियोजना प्रस्तावों को चर्चा और अनुमोदन के लिए राज्य स्तरीय परियोजना अनुश्रवण समिति (पीएमसी) के समक्ष रखा जाएगा और केन्द्रीय रेशम बोर्ड को अग्रेषित किया जाएगा।

iii. केन्द्रीय रेशम बोर्ड की आंतरिक मूल्यांकन समिति (तकनीकी, अनुसंधान, बीज, पीसीटी, वित्त और सांख्यिकीय प्रभागों के सदस्यों सहित) (आईएसी) द्वारा परियोजना की संवीक्षा की जाएगी जो बोर्ड सचिवालय स्तर के शीर्ष अनुमोदन और अनुश्रवण समिति (एएएमसी) द्वारा अनुमोदन और निधि विमोचन के लिए सिफारिश करेगी।

iv. लाभार्थी उन्मुख घटकों के कार्यान्वयन के लिए शीर्ष अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति द्वारा अनुमोदित प्रस्ताव पर निधि विमोचित करने के लिए विचार किया जाएगा।

v. योजना की प्रगति की समीक्षा और कार्यान्वयन के अनुश्रवण के लिए दो समितियां (i) केन्द्रीय रेशम बोर्ड मुख्यालय में शीर्ष अनुमोदन एवं अनुश्रवण समिति और (ii) राज्य स्तर पर परियोजना अनुश्रवण समिति का गठन किया जाएगा। इन समितियों की संरचना और विचाराधीन विषय **अनुबंध-III और IV** में हैं ।

vi. राज्यों में इसी प्रकार के विभागों के लिए उनके संसाधनों से समकक्ष निधि के साथ परियोजना प्रारंभ करने के लिए एक अलग परियोजना अनुश्रवण समिति का गठन किया जाएगा। तथापि, उस समिति में राज्य रेशम उत्पादन विभाग और केन्द्रीय रेशम बोर्ड से एक-एक सदस्य को शामिल किया जाएगा।

vii. उत्पादन और परिणाम के संदर्भ में लाभार्थी-उन्मुख घटकों के निष्पादन की समीक्षा **अनुबंध-VI** में सुझाई गई है।

च. निधि विमोचन

i. निधि किश्तों में सिंगल विंडो विमोचन प्रणाली के माध्यम से संबंधित राज्यों तथा इसी प्रकार के विभागों को विमोचित की जाएगी।

ii. केन्द्रीय रेशम बोर्ड अनुमोदित इकाई लागत और हिस्सेदारी पैटर्न के अनुसार भारत सरकार का शेयर विमोचित करेगा। केन्द्रीय रेशम बोर्ड द्वारा निधि विमोचित करने के बाद, जहां तक संभव हो, एक घटक से दूसरे घटक में निधियों के पुनर्विनियोजन से बचें ।

iii. प्रथम वर्ष के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए पहली किस्त विमोचित की जाएगी। अनुवर्ती किस्त परियोजना के कार्यान्वयन, उपयोग प्रमाण-पत्र और प्रगति रिपोर्ट की प्रस्तुतीकरण के आधार पर विमोचित की जाएगी।

iv. भारत सरकार द्वारा सहायता अनुदान विमोचन के लिए ट्रेजरी सिंगल अकाउंट सिस्टम के कार्यान्वयन को ध्यान में रखते हुए कार्यान्वयन अभिकरणों को उचित समय की आवश्यकता और वार्षिक आधार पर गतिविधि के फ्लो चार्ट के अनुसार निधि विमोचित करने के लिए उचित उपाय किए जाएंगे ।

v. कार्यान्वयन अभिकरणों को पीएफएमएस के माध्यम से और राज्य से लाभार्थियों को आधार एनेबुल्ड डीबीटी मोड के माध्यम से धनराशि जारी की जाएगी।

vi. गैर सरकारी संगठन/स्वयं सहाय समूह कार्यान्वयन अभिकरण होने की स्थिति में, वे परियोजना के लिए एक एस्क्रो (ESCROW) खाता खोलेंगे। केन्द्रीय रेशम बोर्ड और राज्य परियोजना के कार्यान्वयन और परियोजना पश्चात अवसंरचना के रख-रखाव और रेशम उत्पादन को जारी रखने के लिए कार्यान्वयन करने वाले गैर सरकारी संगठन/स्वयं सहाय समूह के साथ एक त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापितकरेंगे।

छ. उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना

i. राज्य सरकारों को विमोचित धनराशि के लिए निर्धारित प्रपत्र अर्थात जीएफआर-12 सी में उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाएगा और राज्य के संबंधित रेशम उत्पादन विभाग या इसी प्रकार के विभाग के लेखा अधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया जाएगा। विवरण **अनुबंध-VII** में दिया गया है।

ii. उपयोगिता प्रमाण-पत्र लाभार्थियों की सूची और हितधारकों को नकद (डीबीटी के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक मोड) और काइन्ड बेनिफिट मोड में खर्च की गई या विमोचित राशि के प्रति भौतिक प्रगति के साथ समर्थित किया जाएगा।

iii. घटक-वार भौतिक और वित्तीय प्रगति का विवरण और लाभार्थी विवरण मासिक आधार पर डीबीटी के "सर्विसप्लस" पोर्टल में अपडेट किया जाएगा।

iv. वित्तीय वर्ष जिसके दौरान राज्यों को राशि विमोचित की जाती है, पूरा होने के 12 महीनों के अंदर प्रगति रिपोर्ट और उपयोगिता प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किया जाना चाहिए ।

v. जीएफआर 2017 के प्रावधान के अनुसार नए विमोचन पर विचार करते समय, परियोजना के लिए पिछले वर्ष के निधि विमोचन के उपयोगिता प्रमाण-पत्र की स्थिति पर ध्यान रखा जाएगा।

ज. राज्य द्वारा लाभार्थी उन्मुख महत्वपूर्ण हस्तक्षेपों के कार्यान्वयन के लिए विशिष्ट दिशा-निर्देश

i. परियोजनाओं को तैयार करने एवं कार्यनीति व वार्षिक कार्य योजना तैयार करने से पहले केन्द्रीय रेशम बोर्ड के अनुसंधान एवं विकास संस्थानों से परामर्श किया जाएगा।

ii. राज्य गैर सरकारी संगठनों, एसपीवी, स्वैच्छिक सेवा संगठनों, स्वयं सहायता समूहों, पंचायती राज संस्थाओं (पीआरआई) को लाभार्थियों/हितधारकों की पहचान करने और यहां तक कि परियोजना को लागू करने में शामिल कर सकते हैं।

iii. राज्य सरकार, बैंकों/वित्तीय संस्थानों से जहां कहीं लागू हो, ऋण सुविधाओं की सुविधा प्रदान करेगा।

iv. एक लाभार्थी योजना पैकेज में शामिल सहायक घटकों के साथ पौधारोपण विकास के लिए पांच एकड़ तक की सहायता प्राप्त कर सकता है।

v. मोबाइल एप के विकास के माध्यम से किसानों को कोसा और कच्चे रेशम के बाजार मूल्य प्राप्त करने के लिए पुल सेवा का उपयोग करने की सुविधा प्रदान की जाएगी।

vi. अधिकांश पौधारोपण गतिविधियाँ, विशेष रूप से वन्य के मामले में, राज्य वन विभागों, ग्रामीण विकास विभाग आदि के साथ करीबी-समन्वय में की जाएंगी।

vii. राज्य विशेष रूप से रेशमकीट बीज उत्पादन और कोसोत्तर क्षेत्रों में सार्वजनिक निजी भागीदारी को प्रोत्साहित करेंगे।

viii. सिल्क समग्र-2 योजना के सहयोग से विकसित अवसंरचना के रख-रखाव/आवर्ती लागत का उत्तरदायित्व उद्यमियों/हितधारकों/राज्यों का होगा, जैसी भी स्थिति हो ।

ix. फ्लेक्सी फंड के अंतर्गत 'विशेष पहल' के लिए किए गए प्रावधान, उन अप्रत्याशित महत्वपूर्ण क्षेत्रों/अंतरालों के लिए उपयोग किया जाना है जो पीएमसी/एएएमसी की सिफारिशों के आधार पर कार्यान्वयन के दौरान हल किये जाएंगे।

x. लाभार्थी स्तर पर सृजित की जाने वाली सभी संपत्तियों की जियो-टैगिंग की जानी है।

xi. योजना/घटकों के अंतर्गत पैकेजों/घटकों के लिए निर्धारित इकाई लागत अधिकतम सीमा है और यदि यह किसी राज्य में कम है, तो केंद्र का हिस्सा तदनुसार समायोजित किया जाएगा।

xii. यह सुनिश्चित किया जाना है कि सिल्क समग्र-2 योजना के अंतर्गत सहायता प्राप्त करने के बाद अगले पांच वर्षों तक हितधारक रेशम उत्पादन जारी रखता है । राज्य विभाग इसके लिए कानूनी रूप से वैध करार/समाझौता ज्ञापन के माध्यम से उपयुक्त सहारा तंत्र विकसित करेगा।

झ. लाभार्थी उन्मुख सिल्क समग्र-2 पैकेजों/घटकों के लिए निधिकरण पैटर्न

1. उत्तर पूर्वी क्षेत्र के राज्यों के अलावा व्यक्तिगत लाभार्थी-उन्मुख सिल्क समग्र-2 घटकों के लिए निधि हिस्सेदारी पैटर्न (%):

श्रेणी (लघु एवं सीमांत कृषक)	भारत सरकार (केन्द्रीय रेशम बोर्ड)	राज्य	लाभार्थी
सामान्य राज्य	50%	25%	25%
सामान्य राज्य– एससीएसपी एवं टीएसपी के लिए	65%	25%	10%
विशेष स्तर प्राप्त राज्य (सामान्य, एससीएसपी एवं टीएसपी श्रेणी के लिए)	80%	10%	10%

2. रेशम उत्पादन बिजनेस एंटरप्राइज/नए उद्यमियों के लिए फंडिंग पैटर्न (%) :

श्रेणी (नए उद्यमी/स्टार्टअप)	भारत सरकार (केन्द्रीय रेशम बोर्ड)	राज्य	लाभार्थी
सामान्य	30%	20%	50%
एससीएसपी, टीएसपी, विशेष स्तर प्राप्त राज्य/पूर्वोत्तर राज्य	40%	30%	30%
मौजूदा उद्यमी			
सामान्य	20%	20%	60%
एससीएसपी, टीएसपी, विशेष स्तर प्राप्त राज्य/पूर्वोत्तर राज्य	30%	30%	40%

